# चांदी की टकसाल पर निर्माणाधीन अवैध होटल 13 घंटे में जमींदोज

## रामप्रसाद मीणा की आत्महत्या के बाद जागे हैरिटेज नगर निगम ने कार्रवाई की


-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। चांदी की टकसाल के पास 4 मंजिला अवैध होटल को हैरिटेज नगर निगम ने बुधवार अलसुबह जमींदोज कर दिया। सीएम अशोक गहलोत की फटकार के बाद हरकत में आये निगम प्रशासन ने भारी पुलिस जाप्ते के बीच दिन-रात कार्रवाई कर इस अवैध निर्माण को धराशायी किया है।

ताज्जुब इस बात का है कि बीते 8 माह से मंदिर की जमीन पर जीरो सेटबैक पर बेसमेंट समेत 4 मंजिला अवैध होटल बनती रही, लेकिन नगर निगम के अफसरों ने कार्रवाई की जहमत तक नहीं उठाई। इसके विपरीत होटल के नजदीक 100 वर्गगज के प्लॉट पर चाय की थड़ी लगाने वाले रामप्रसाद ने मकान का कुछ हिस्सा बनाने की कोशिश की तो होटल मालिक व अन्य लोगों ने मिलकर उसे मकान नहीं बनाने दिया। यहां तक कि उसकी जमीन पर गार्ड बिठा दिए और परिवार को ही वहां से भगाने की कोशिश की। आखिरकार तंग होकर पीड़ित रामप्रसाद ने कैबिनेट मंत्री महेश जोशी व होटल मालिक समेत 8 लोगों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए खुद को फांसी लगा ली थी।

मरने से पहले रामप्रसाद ने वीडियो में कैबिनेट मंत्री महेश जोशी समेत मंदिर संचालक देवेंद्र शर्मा, ललित शर्मा, होटल मालिक राकेश टांक, मुनजी टांक, देव अवस्थी, लालचंद देवनानी, हिमांशु देवनानी करीब 8 लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया था। इस संबंध में सुभाष चौक थाने में मृतक के भाई ने सभी आठों लोगों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराई है।

उधर रामप्रसाद सुसाइड केस ने तूल पकड़ा और उसे प्रताड़ित करने वालों में मंत्री महेश जोशी का नाम सामने आया तो मजबूरन मुख्यमंत्री को इस मामले में कूदना पड़ा। उन्होंने हैरिटेज निगम कमिश्नर विश्राम मीणा व अन्य अफसरों को फटकार लगाते हुए तुरंत होटल पर कार्रवाई करने के लिए कहा। मंगलवार दोपहर हैरिटेज निगम की टीम जेसीबी व लोकंडा मशीन लेकर होटल तोड़ने पहुंची, जहां लोगों का विरोध झेलना पड़ा। इस कारण कार्रवाई को करीब डेढ़ घंटे तक रोकना पड़ा। नौबत ऐसी आन पड़ी कि हैरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त नीलकमल मीणा को लोगों ने घेर लिया, इसके बाद पुलिस जाप्ते ने उन्हें अपनी जीप में बैठाकर सुरक्षित वहां से बाहर निकालना पड़ा। मंगलवार दोपहर 3 बजे होटल शेरेटल को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई। बेसमेंट सहित 4 मंजिला इमारत को तोड़ने के लिए नगर निगम की टीम ने 3 जेसीबी और एक लोकंडा मशीन लगाई।



सुभाष चौक इलाके में चांदी की टकसाल के पास 4 मंजिला अवैध 'होटल शेरेटन' को हैरिटेज नगर निगम ने बुधवार अलसुबह जमींदोज किया।

- **बताया जा रहा है कि बीते 8 माह से मंदिर की जमीन पर जीरो सेटबैक पर बेसमेंट समेत 4 मंजिला अवैध होटल बनती रही, लेकिन निगम के अफसरों ने कार्रवाई की जहमत तक नहीं उठाई।**
- **इसके विपरीत होटल के नजदीक 100 वर्गगज के प्लॉट पर चाय की थड़ी लगाने वाले रामप्रसाद ने मकान बनाने की कोशिश की तो होटल मालिक व अन्य लोगों ने उसे मकान नहीं बनाने दिया। यहां तक कि उसकी जमीन पर गार्ड बिठा दिए और परिवार को ही वहां से भगाने की कोशिश की। आखिरकार तंग होकर रामप्रसाद ने कैबिनेट मंत्री महेश जोशी और होटल मालिक समेत 8 लोगों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए सुसाइड कर लिया था**

सबसे पहले लोकंडा मशीन से छत को क्षतिग्रस्त करना शुरू किया, इसके बाद जेसीबी से अवैध इमारत की दीवारों को तोड़ा गया। रात करीब 1.30 बजे पोकलेन मशीन मंगलवार अवैध इमारत को गिराने की कार्रवाई शुरू की गई। बुधवार अलसुबह करीब 3.28 बजे होटल की अवैध इमारत जमींदोज कर दी गई। अब हैरिटेज नगर निगम प्रशासन मौके से मलबा हटाने में जुटा हुआ है।

सूत्रों की मानें तो मंदिर की जमीन पर अवैध निर्माण कर होटल संचालित करने की तैयारी थी। करीब 2200 वर्ग गज मंदिर की जमीन में से 650 गज में सत्संग भवन के नाम से यह अवैध इमारत बनाई जा रही थी। निर्माण के साथ ही स्थानीय लोग इसके विरोध में उतरे, लेकिन रसूखात के चलते विरोध गौण हो गया। करीब 8 माह पहले होटल निर्माण की पहली छत डाली गई, तब लोगों व पार्षद ने लिखित में हैरिटेज नगर निगम को शिकायत दी थी। इसके बाद अन्य लोगों ने भी शिकायतें की, लेकिन सतर्कता उपायुक्त नीलकमल मीणा और कमिश्नर विश्राम मीणा व महापौर मुनेश गुर्जर ने उन्हें अनदेखा कर दिया गया। अब सीएम की फटकार लगी तो रातोंरात इमारत गिरानी पड़ी।

## सार-समाचार

### डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग शुरू



**जयपुर** (कासं)। मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में महिमा ग्रुप तृतीय संस्करण डॉक्टर प्रीमियर टेनिस लीग का शुभारम्भ जयपुर क्लब में हुआ। उदघाटन समारोह कि अध्यक्षता अनिल व्यास ने की। समारोह में मुख्य अतिथि सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, गेस्ट ऑफ ऑनर जयपुर क्लब के सचिव धर्मेंद्र कमठान, विशिष्ट अतिथि संजीव धवन, अनुराग बियानी, विशाल कौशल कार्यकारिणी सदस्य जयपुर क्लब ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में डॉ. संदीप निझावन, डॉ. राकेश थापर, डॉ. हरीश भारद्वाज, डॉ. आर.के. वर्मा, डॉ. दीपक सैनी और डॉ. विशाल अग्रवाल उपस्थित थे। डॉ. जयंत सेन ने बताया कि पहले दिन सीनियर वर्ग में थापर टाइटंस ने स्पोरटी डॉक्शूटर्स को 2-1 से, सैंडी स्ट्राइकर्स ने मोवीस समाशेर्स को 2-1 से हराया। डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि एस.आर.के हॉस्पिटल ने मालोट वारियर्स को 2- 1 से हराया। डॉ. सुधांशु शर्मा ने बताया कि मलंग जोड़ी में डॉ. मधु और डॉ. संकल्प ने डॉ. डी.पी.चौधरी और डॉ. कैलाश को 6-3 से हराया । डॉ. अनिल यादव ने बताया कि लीजेंड्स केटेगरी में डॉ. नीरज ने डॉ. आर सी ढाका को 6-1 से हराया।

### नाहरगढ़ ले जाकर दोस्त की गर्दन काटी

**जयपुर** (कासं)। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ खुद के दोस्त की हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। दोनों युवक जयपुर में एक सिलाई कारखाने में काम करने थे। पीड़ित युवक तिलक सिंह के मामा अनेक सिंह की ओर से आरोपी छोटे सिंह के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ हैं। घायल तिलक सिंह के मामा अनेक सिंह ने रिपोर्ट ने बताया कि तिलक सिंह और छोटे सिंह दोनों दोस्त हैं। दोनों यूपी में एक ही गांव के रहने वाले हैं। छोटे सिंह की सगाई पिछले साल एक युवती से हुई। छोटे सिंह होने वाली पत्नी से बात किया करता था। तिलक भी उसकी होने वाले भाभी से बात कर लिया करता था। कुछ दिन बाद छोटे सिंह ने तिलक को होने वाली पत्नी से बात करने से मना कर दिया। उसके बाद भी तिलक सिंह लगातार छोटे सिंह की होने वाली पत्नी से बात करता रहा। इस मामले को लेकर दोनों के बीच यूपी में भी झगड़ा हुआ। परिवार के लोगों के बीच में आने से विवाद खत्म कर दिया गया। इसके बाद दोनों युवक काम करने के लिए जयपुर आ गए। छोटेसिंह को शक था की अभी भी उसका दोस्त तिलक सिंह उसकी होने वाली पत्नी से बात किया करता था। इस पर शनिवार को छोटे सिंह तिलक सिंह को जयपुर घुमाने ले गया। दोनों ने पहले जलमहल के पास शराब पी। कुछ खाना खाया। फिर नाहरगढ़ घूमने चले गए। छोटे सिंह ने नाहरगढ़ में सुनसान जगह देख कर तिलक सिंह का धोखे से गला काट दिया। इसके बाद वह तिलक सिंह को मौके पर तड़पता हुआ छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज चल रहा है। घटना के बाद से आरोपी युवक फरार है। इसकी तलाश की जा रही हैं।

### 10 लाख रु.के फोन चुराने वाले दबोचे

**जयपुर** । करणी विहार पुलिस ने चार शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने इन बदमाशों के पास से चोरी और लूटे गए 51 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइलों की बाजार कीमत 10 लाख रुपए बताई जा रही हैं। पकड़े गए बदमाश हाट बाजार, सब्जीमंडी व भीड़भाड़ वाली जगहों में लोगों की जेब से मोबाइल निकाला करते थे। गिरोह का सरगना कृष्ण कुमार मेहतो पिछले तीन साल से अलग-अलग राज्यों में जाकर वारदात किया करते थे। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि चुराए हुए मोबाइलों को बदमाश झारखंड व बांग्लादेश बॉर्डर पर बेचा करते थे। डीसीपी वैस्ट वंदिता राणा ने बताया कि भीड-भाड़ वाले क्षेत्रों में बढ़ रही मोबाईल चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने व प्रभावी कार्रवाई के लिए सभी थानों के सीआई को आदेश दिए थे। इस पर एक टीम भी गठित की गई थी, जो चोरी के मोबाइल की रिकवरी और बदमाशों को पकडने का काम कर रही थी। इस दौरान पुलिस को कुछ बदमाशों की लीड मिली कि गांधी पथ लालरपुरा रोड 200 फीट पर सब्जी मंडी के पास कुछ संदिग्ध लोग खड़े हैं, उनके पास काफी संख्या में चुराए हुए मोबाईल फोन हो सकते हैं। इस पर टीम को मौके पर भेजा गया और टीम ने घेराबंदी करके चैक किया तो वहां चार संदिग्ध युवक झारखंड निवासी बादल कुमार राम, दीपक महतो, सन्नी कुमार व कृष्ण कुमार महतो को पकड़ा, जिनके पास से 51 चोरी के मोबाइल मिले। इन लोगों ने यह मोबाईल फोन जयपुर के विभिन्न स्थानों से चोरी करना व आज इनमें से कुछ मोबाईल यहां पर बेचने के लिये व शेष मोबाईल फोन बेचने के लिए झारखंड ले जाने के लिये यहां इकठ्ठा करना बताया था। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वह चोरी किए हुए मोबाइलों को झारखंड व बांग्लादेश बॉर्डर पर बेच दिया करते थे। मोबाइल को बेच कर जो पैसा मिलता उससे ये लोग शराब पार्टी और अन्य शौक पूरा किया करते।

### चेन स्नैचर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर** । विद्याधर नगर थाना पुलिस ने पैदल चलती महिला के गले से चेन तोड़ने वाले बदमाश को धर दबोचा। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात के समय काम में ली गई बाइक बरामद कर ली। डीसीपी (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि जयपुर उत्तर में छीना झपटी और स्नैचिंग की लगातार बढ़ती वारदातों पर रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए एडिशनल डीसीपी धर्मेन्द्र सागर, एसीपी शास्त्री नगर महेन्द्र गुप्ता और थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। टीम के सदस्य कांस्टेबल मामराज की सूचना पर पुलिस ने चेन तोड़ने वाले आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी नितेश कौशिक उर्फ राहुल कौशिक गांव गिरोडी बानसूर अलवर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से बाइक भी बरामद कर ली। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी कृष्णकांत उर्फ कालू किसान कॉलोनी बानूसर अलवर हाल सुरेन्द्र विहार गुर्जर की थड़ी महेश नगर को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने घटना के समय पीछा कर महिला के गले से तोड़ी गई चेन एवं वारदात में डराने के लिए इस्तेमाल चाकू को जब्त कर लिया था।

## संक्षिप्त

### हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने जयपुर में चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत करणी विहार थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया। बदमाश के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल भी जब्त की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी क्राइम ज्येष्ठा मैत्रयी ने बताया कि सीएसटी ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत करणी विहार थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक बदमाश बलवीर सिंह (32)निवासी उदयपुरवाटी जिला झुंझुनू हाल राम नगर शास्त्री नगर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अवैध देशी पिस्टल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी यह अवैध हथियार का बैग उपेन्द्र के कहने पर उसके किराए के फ्लैट केबीसी लेकर आया था। फिलहाल आरोपी से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### रोटरी मिशन की जानकारी दी

**जयपुर** । रोटरी क्लब जयपुर सिटी द्वारा मंगलवार देर शाम को होटल लीजर इन में जनरल बॉडी मीटिंग आयोजित की गई। चार्टर के अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने क्लब से जुडे 25 नवीन सदस्यों को रोटरी के मिशन एवं विजन के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अनीता माथुर और सदस्य प्रहलाद राणा ने आगामी वर्ष में की जाने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यकारी सदस्य डॉ. अन्नू माथुर, कमला चतुर्वेदी, प्रतिभा त्यागी और अन्य सदस्यों एडवोकेट इंदरजीत कौर, हिमांशु माथुर दीपा ने 20 मई को होने वाले आगामी कार्यक्रम 'सेलिब्रेटिंग द ब्यूटी विदिन' के प्रति उत्साह प्रदर्शित किया।

### केकड़ी में खुलेगा ए.डी.एम. ऑफिस

**जयपुर** । अजमेर जिले के केकड़ी में अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय खुलेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कार्यालय खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस कार्यालय के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार में कुल 7 तहसीलें (केकड़ी, सावर, सरवाड़, अराई, भिनाय, नसीराबाद, मसूदा), 68 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 283 पटवार मंडल तथा 528 राजस्व ग्राम शामिल होंगे।

# रामप्रसाद मीणा का तीसरे दिन भी शव नहीं उठाया परिजनों ने

## सांसद किरोड़ीलाल मीणा व मृतक के परिजनों से पुलिस कमिश्नर ने वार्ता की

**जयपुर** (कासं)। चांदी की टकसाल निवासी रामप्रसाद मीणा की आत्महत्या का मामला तूल पकड़ रहा है। तीसरे दिन भी परिजनों ने रामप्रसाद का शव कमरे से नहीं उठाया है। सांसद किरोड़ीलाल मीणा के नेतृत्व में परिजन लगातार धरने पर बैठे हुए है। बुधवार देर शाम जयपुर पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने धरनास्थल पर पहुंचकर समझाइश की कोशिश की, लेकिन देर रात तक मांगों पर सहमति नहीं बनने के कारण कोई फैसला नहीं हो सका। उधर मृतक के शव को भी एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के दफ्तर में रखवाया गया। किरोड़ी ने साफ कर दिया है कि परिवारजन जब तक चाहेंगे धरना जारी रहेगा। हमने जो मांगें रखी हैं, सरकार उनको पूरा करे। रामप्रसाद ने वीडियो में मुझसे न्याय की उम्मीद लगाई थी। इसलिए परिवार के साथ डटा रहूंगा।

- **बुधवार देर रात तक समझाइश के बावजूद धरने से उठने का तैयार नहीं हुए परिजन**
- **सांसद दीया कुमारी ने भी मृतक रामप्रसाद मीणा के परिजनों से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी ली**



सांसद दीया कुमारी ने चांदी की टकसाल स्थित धरना स्थल पर पहुंचकर मृतक रामप्रसाद के परिजनों से घटनाक्रम की जानकारी ली।

उधर मृतक रामप्रसाद के भाई की शिकायत पर सुभाष चौक पुलिस ने भले मंगलवार को कैबिनेट मंत्री महेश जोशी, मंदिर संचालक देवेंद्र शर्मा, ललित शर्मा, होटल मालिक राकेश टांक, मुनजी टांक, देव अवस्थी, लालचंद देवनानी व हिमांशु देवनानी के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कर ली है, लेकिन परिजन न्याय की मांग को लेकर लगातार धरने पर बैठे हुए हैं।

बुधवार को सांसद दीया कुमारी ने भी धरनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की और परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान सांसद दीया ने परिजनों से घटनाक्रम के बारे में जानकारी ली। सांसद दीया कुमारी ने कहा रामप्रसाद मीणा के पास जमीन का पट्टा था और वे उस पर अपना मकान बनाना चाहते थे। जिस नगर निगम ने पट्टा जारी किया, वहीं उनको अपना मकान बनाने से रोक रहा था। ऐसा भूमाफिया और अफसरों की मिलिभगत के बिना संभव नही था।

सांसद दीया कुमारी ने कहा कि राजधानी जयपुर में जब सरकार की नाक के नीचे एक गरीब परिवार के साथ अन्याय हो रहा था, तब जनप्रतिनिधि तमाशा देख रहे थे। उन्होंने पीड़ित परिवार को आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिलाया। दीया कुमारी ने कहा कि परिवार को न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखा जाएगा। सरकार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्यवाही कर मृतक के परिवार को शीघ्र न्याय एवं सहायता प्रदान करे। राज्य सरकार इस ओर ध्यान दें कि प्रदेश में ऐसी शर्मनाक घटना की पुनरावृति न हो।

### 'पुजारी परिवार को प्रताड़ित करना दुर्भाग्यपूर्ण है'

**जयपुर** (कासं)। विप्र फाउंडेशन ने चांदी की टकसाल निवासी रामप्रसाद के सुसाइड केस में मंदिर श्री गिरधारीजी के पुजारियों को बेवजह प्रताड़ित किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवा मंदिर पुजारी परिवार को न्याय दिलवाने की मांग की हैं।

विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष राजेश कर्नल ने मंदिर से जुड़े वास्तविक दस्तावेज मीडिया के समक्ष पेश करते हुए बताया कि पुजारी परिवार को कानून पर पूरा भरोसा हैं, इसीलिए इस भूमि प्रकरण में न्यायालय की शरण ली। न्यायालय से पुजारी परिवार के पक्ष में अब तक जो भी फैसले हुए उसकी पत्रावली के अवलोकन से साफ हो जाएगा कि पुजारी परिवार ने न्यायिक लडाई जीती हैं। प्रेस कॉफ्रेंस में पुजारी परिवार के सदस्य देवेन्द्र व ललित मौजूद थे। पुजारी परिवार के सदस्य देवेन्द्र व ललित ने कहा कि इस प्रकरण में पुजारी परिवार को बेवजह लपेटा जा रहा है। घटनाक्रम के बाद से तो पुलिस ने हमें पूरी तरह बंधक बनाकर रख दिया हैं। पूरा परिवार किसी अनहोनी घटना घटित होने की आशंका से भयग्रस्त हैं। मंदिर के पास नगर निगम ने जिस भवन को जमींदोज किया है, उससे भी मंदिर का बुर्ज क्षतिग्रस्त हो गया है। इस लापरवाही से मंदिर को पहुंची क्षति को लेकर स्थानीय नागरिकों में भी रोष हैं। मंदिरों को क्षतिग्रस्त करने वाले निगम कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। राजेश कर्नल ने पुजारी परिवार को न्याय, मंदिर भूमि को संरक्षित करने तथा उच्च अधिकारी से निष्पक्ष जांच करने तथा मंदिर को क्षति पहुंचाने वाले दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री, डीजीपी व कलेक्टर को ज्ञापन भी भेजा है।

# मुहाना मंडी की समस्याओं पर चर्चा

**जयपुर** (कासं)। मुहाना मंड़ी के ओम तंवर सब्जी ब्लॉक में बुधवार को व्यापारियों ने बैठक बुलाकर मंडी की समस्याओं पर चर्चा की। फल-सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष राहुल तवंर ने बताया कि पिछले कई महीनों से ख़राब मौसम के कारण किसानों व व्यापारियों की व्यापार स्थिति काफ़ी प्रभावित हुयी है। आये दिन मंडी में ठगी की वारदातें बढ़ रही है। अन्य व्यक्ति बोगस ग्राहक बनकर व्यापारियों पर विश्वास जमा कर व्यापारियों से लाखों रुपये का माल लेकर ठगी करते हैं । ऐसे व्यक्तियों पर कार्रवाई हो। मंडी में व्यापारी कैसे प्रगति करे और किसानों को ज़्यादा-ज़्यादा सरकार की नीतियों व योजनाओं का लाभ मिल सके, इस पर भी चर्चा की गई।




मुहाना मंडी में बुधवार को आयोजित व्यापारियों की बैठक को जयपुर फल-सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष राहुल तंवर ने संबोधित किया।

राहुल तंवर ने कहा कि पूरे देश-प्रदेश से मुहाना मंडी मे किसान आते हैं, किसानों और व्यापारियों को सुविधाएं मिले। ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो चुका है, इसलिए मंडी परिसर मे वाटर कूलर लगवाये जाये। मंडी परिसर में आये दिन चोरी व ठगी की वारदातें बढ़ रही है, इसलिए सुरक्षा को देखते हुये सभी जगह पर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये जाये। मंडी परिसर में नवीन सड़कों का निर्माण हो, ताकि वाहन चालकों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

राहुल तंवर ने कहा कि मुहाना मंडी में हज़ारों की तादात में मज़दूर व किसान आते है, इसलिए यहां बने सभी शौचालयों को पुनः दुरुस्त करवाना चाहिये और उनका रख रखाव नियमित रूप से होना चाहिये। बैठक में देवेन्द्र जैन, सत्यनारायण सैनी, बब्लू क़ुरैशी, काना चौधरी, रोहित सैनी, इमरान क़ुरैशी, इंद सैनी, सुरेश जैन, बाबू लाल गुप्ता, सुनील गोयल व राजेश सैनी मौजूद थे।

### हैड कांस्टेबल से निरीक्षक तक की पदोन्नतियों पर रोक

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस विभाग के गत 27 मार्च के आदेश के आधार पर की जा रही पदोन्नतियों पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में अतिरिक्त मुख्य गृह सचिव, डीजीपी और जयपुर पुलिस कमिश्नर से जवाब तलब किया है। 27 मार्च के आदेश से हैड कांस्टेबल से निरीक्षक स्तर तक के कर्मचारियों की पदोन्नति की जा रही थी।

याचिका में अधिवक्ता शोभित तिवाडी ने अदालत को बताया कि 27 सितंबर, 2022 को हाईकोर्ट की एकलपीठ ने राज्य सरकार की सहमति से एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन करने के आदेश दिए थे। इस कमेटी को जिस वर्ष की रिक्तियां हैं, उसका उसी वर्ष उपयोग करने और वर्षवार रिक्तियों का आंकलन करने को कहा था। वहीं जरुरत पड़ने पर छाया पद भी सृजित करने के आदेश दिए थे। याचिका में कहा गया कि इस फैसले की पालना में कमेटी ने अपनी रिपोर्ट विभाग में पेश की।

# नियमन शिविर रद्द पर नाराज हुए लोग



मुरलीपुरा इलाके में बुधवार को जेडीए का नियमन कैंप एक बार फिर स्थगित हो गया। वार्ड संख्या 5 में आयोजित 'प्रशासन शहरों के संग अभियान' के शिविर में पट्टे लेने के लिए लोग तो पहुंचे लेकिन जेडीए के अधिकारी नदारद रहे। इस घटना से स्थानीय लोगों में रोष उमड़ पड़ा, बाद में मौके पर पहुंचे पार्षद महेश अग्रवाल ने समझाइश कर लोगों को शांत कराया। पार्षद महेश अग्रवाल ने बताया कि जेडीए पूर्व में भी दो बार नियमन शिविर की तारीख टाल चुका है। फोटो-राष्ट्रदूत